Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

**LEAD TO ILLUMINATE**



# HINDI

## 2019-20

| S. No | Name | Position |
|---|---|---|
| 1 | Ms SHEELA | FACULTY |

# INDEX (2019 -2020)

| S NO | DATE | NAME OF THE EVENT | PARTICIPANTS | VENUE |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25/07/2019 | Attended meeting at OU | 1 | OU |
| 2 | 31/07/2019 | Conducted Premchand Jayanti | 111 | Montfort Hall |
| 3 | 21/08/2019 & 22/08/2019 | Competitions in Hindi on the occasion of Hindi Diwas | 80 | Classroom |
| 4 | 19/09/2019 | Organized Hindi Diwas Celebration | 91 | Montfort Hall |
| 5 | 30/12/2019 | Conducted Intercollegiate competitions (EDGE 2019) | 67 | Classroom |
| 6 | 27/01/2020 | Conducted workshop on Aaj Ki Yuva Pidhi Ki Chunoutiyan Aur Samajik Chetana Ki Avashyakta | 91 | Montfort Hall |
| 7 | 18/02/2020 | Organized field trip to Ramakrishna Math | 32 | Rama Krishna Matt |
| 8 | 29/02/2020 | Organized field trip to Dhola re Dhani | 27 | Dola-Re-Dhani |
| 9 | 22/05/2020 | Conducted International Webinar on Bharatiya Sanskriti Ek Raksha Kavach | 236 | Online meeting |

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# उस्मानिया विश्व विद्यालय के हिंदी विभाग की बैठक में सहभागिता

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Meeting at OU on Curriculum |
| Date | : | 25/07/2019 |
| Place | : | Hindi Dept., Osmania University |
| Number of faculty Participated | : | 01 |
| Guest | : | BOS Ms Mayadevi |

दि. 25 जुलाई 2019 को उस्मानिया विश्व विद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा स्नातक कोर्स के हिंदी पाठ्यक्रम में चयनित पाठों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रो. मायादेवी, हिंदी विभागाध्यक्ष, उ.वि.वि. एवं बी ओ एस, अध्यक्ष ने की। इस बैठक में नगरद्वय के विभिन्न डिग्री कॉलेजों के हिंदी प्राध्यपकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। बैठक में उस्मानिया विश्व विद्यालय द्वारा संचालित डिग्री कोर्सों के प्रथम वर्ष के हिंदी पाठ्यक्रम के लिए चयनित पाठों और प्रश्न पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ डी विद्याधर, रीडर, विवेक वर्धिनी, कॉलेज ने प्रश्न पत्र की रूपरेखा पर अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष ने डिग्री कोर्सों के हिंदी पाठ्यक्रम के संचालन पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सत्र से अर्थात 2019-20 से प्रथम व द्वितीय वर्ष के साथ-साथ तृतीय वर्ष में भी एक विषय के रूप में हिंदी का अध्ययन-अध्यापन किया जाएगा। इस सत्र के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी जब तृतीय वर्ष में रहेंगे तब उन्हें द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी का अध्यापन करना होगा। बैठक के दौरान हिंदी प्राध्यपकों ने अपने विचार साझा किए। कॉलेज की हिंदी प्राध्यापिका श्रीमती बी.शीला ने सक्रियरूप से भाग लिया।

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

हिंदी प्राध्यापिका श्रीमती बी. शीला, बी ओ एस और नगरद्वय के प्राध्यापक





**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# प्रेमचंद जयंती का आयोजन संपन्न

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Premchand Jayanti |
| Date | : | 31/07/2019 |
| Place | : | Montfort Hall |
| Number of students participated | : | 111 |
| Guest | : | Dr PK Jain |

दि.31 जुलाई 2019 को कॉलेज में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 140 वीं जयंती मनाई गयी। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रेमचंद की जीवनी पर विडियो और प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी 'सद्गति' का नाट्यरूपांतरण रहा।

अवसर पर मुख्य अतिथि ए आर सी आई के वैज्ञानिक ई डॉ पी के जैन ने छात्रों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी 'सद्गति' के नाट्यरूपांतरण के माध्यम से प्रेमचंद को याद किया जाना सराहनीय है। प्रेमचंद के कथा साहित्य की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रेमचंद सही अर्थों में कलम के मजदूर थे। वे अपने जीवन के अंतिम समय तक नियमित रूप से साहित्य लेखन करते रहे। सक्रिय लेखन के कारण ही वे हिंदी साहित्य जगत में कलम के सिपाही, कलम के मजदूर और कथा सम्राट के नाम से विख्यात हुए। प्रेमचंद की रचनाएँ सही अर्थों में भारतीय संस्कृति को चित्रित करती हैं। उनका कथा साहित्य युवा कथाकारों को प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर डॉ जैन ने हिंदी भाषा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी तो ईश्वर द्वारा दी गई हमारी आंखों के समान हैं जब कि अंग्रेजी आंखों पर चढ़ाया गया रंगीन चश्मा है। भारतीय संस्कृति की पहचान और सुरक्षा हमारी भाषाओं से ही हो सकती है। इसलिए हमें अपनी भाषाओं में उपलब्ध साहित्य की रक्षा करने के साथ-साथ वैज्ञानिक लेखन अपनी भाषाओं में विशेषकर हिंदी में करने की आवश्यकता है।

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वल और प्रार्थना गीत से हुआ। आरंभ में कॉलेज की हिंदी प्राध्यापक श्रीमती शीला ने प्रेमचंद जयंती के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। अवसर पर उपस्थित कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक आई टी विभाग के अध्यक्ष श्री विजय कुमार रेड्डी ने मुख्य अतिथि का स्वागत सत्कार किया, नाटक के मंचन के लिए छात्रों की और हिंदी प्राध्यापक की प्रशंसा की और शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलेज के छात्र आशा, नीरजा, श्रीकृति, रीतिका, हीना, प्रशांति ने सक्रिय भाग लिया। राकेश, हर्षिता, कुसुम, उर्जा, वैष्णवी, समर्थ, दिनेश, भावना ने नाटक कलाकारों की भूमिका निभाई। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया गया। 31/07/2019



'सद्गति' मंचन करते हुए छात्र



अतिथि डॉ. पीके जैन को सम्मान करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक



नाटक के कलाकारों के साथ अतिथि व हिंदी प्राध्यापक

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Hindi Competitions |
| Date | : | 21 & 22/08/2019 |
| Place | : | Class Rooms |
| Number of students participated | : | 80 |

लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज में दि.21 तथा 22 अगस्त 2019 को हिंदी विभाग द्वारा छात्रों के लिए शब्द वर्ग पहेली, मुहावरों की हेरा-फेरी तथा चित्र क्या कहता है? प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में हिंदी के प्रति रूचि बढ़ाकर उनमें हिंदी की शब्दावली की ज्ञानवृद्धि करना रहा है। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। हिंदी दिवस की जानकारी देते हुए कॉलेज की हिंदी प्राध्यापिका श्रीमती बी.शीला ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रबंधन ने हमेशा हिंदी के प्रचार-प्रसार में हिंदी विभाग को प्रेरित किया है। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में श्रीमती गायत्री, संस्कृत विभागाध्यक्ष तथा श्रीमती क्रांति, बोटनी विभागाध्यक्ष ने सहयोग प्रदान किया

| | |
|---|---|
|  |  |
| शब्द वर्ग पहेली और मुहावरों की हेरा-फेरी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र | चित्र क्या कहता है? प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र |

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# हिंदी दिवस 2019 का समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Hindi Diwas Celebration |
| Date | : | 19/09/2019 |
| Place | : | Montfort Hall |
| Number of students participated | : | 91 |
| Guest | : | Dr Archana Pandey |

दि. 19 सितंबर 2019 को हमारे कॉलेज में हिंदी दिवस 2019 का समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर डी आर डी एल की सहायक निदेशक (राजभाषा) डॉ अर्चना पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने राजभाषा हिंदी के महत्व और कार्यान्वयन पर छात्रों से चर्चा की। इस अवसर पर छात्रों द्वारा कार्यक्रम संचालन, कविता वाचन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने मातृभाषा के महत्व पर आधारित स्किट प्रस्तुत किया जिसमें बी.कॉम.प्रथम वर्ष की छात्रा भावना ने बेटी का और बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा आकांक्षा ने माता का अभिनय किया।

अवसर पर प्रथम व द्वितीय वर्ष की मानशी, कुसुम, नैना, अथिरा, वैष्णवी, शीरीषा, रूही छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। चित्र क्या कहता है में प्रथम पुरस्कार – प्रियंका, बीटीएमसी-III, द्वितीय पुरस्कार – प्रशांति, बीए-II, तृतीय पुरस्कार – ताजुद्दीन बाबा, बीबीए-II ; शब्दवर्ग पहेली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार – बुश्रा फातिमा एवं प्रशांति, बीए-II, द्वितीय पुरस्कार – अथर्व विवेक एवं अभिषेक, बीकॉम जनरल, बीजेडसी- II, तृतीय पुरस्कार – सुमेरा सिमरन एवं प्रियंका, बीए-II; और मुहावरों व लोकोक्तियों की हेरा-फेरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार – प्रशांति, बीए-II, द्वितीय पुरस्कार – मानषी, बीए-I, तृतीय पुरस्कार – ऊर्जा चौहान, बीकॉम-II; पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी प्राध्यपक बी शीला द्वारा किया गया।

| | |
|---|---|
|   |  |
| छात्रों को संबोधित करते हुए हिंदी प्राध्यापक शीला बालाजी | उप प्रधानाचार्य श्रीमती जयंती रेड्डी अतिथि का सम्मान करते हुए |

| | |
|---|---|
|  |  |
| पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार देते हुए अतिथि डॉ. अर्चना पांडेय | सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए छात्र |

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# एड्ज (Edge) – 2019-20: कलाक्षेत्र एंड फेस्टा लिटरेरिया का आयोजन

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Edge 2019 – Intercollegiate Competitions |
| Date | : | 30/12/2019 |
| Place | : | Class Rooms |
| Number of students participated | : | 67 |
| Judge | : | Dr Suparna |

हमारे कॉलेज में दि.30-31 दिसंबर 2019 को "एड्ज (Edge) – 2019-20: कलाक्षेत्र एंड फेस्टा लिटरेरिया" के अंतर्गत अंतर्महाविद्यालयीन सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी भाषा में दो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं – लोकोक्तियों की हेरा फेरी और कविता वाचन।

इन प्रतियोगिताओं में हैदराबाद-सिकंदराबाद के सेंट पायस, केडिया कॉलेज, आई प्रो. मायादेवी एम सी, भवन्स, कस्तुरबा, आरोरा, सेन्ट एन्स आदि कॉलेजों के छात्रों ने बड़े उत्साह एवं उमंग से भाग लिया।
इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची निम्नानुसार है:-

1) लोकोक्तियों की हेरा फेरी के विजेता निम्नानुसार रहे:

- प्रथम पुरस्कार – बुश्रा फातिमा एवं प्रशांति, लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल
- द्वितीय पुरस्कार – ऋषि मिश्रा एवं सिद्धी कुमारी, कस्तुरबा गांधी, सिकंदराबाद
- तृतीय पुरस्कार – प्राज्ञा पांडेय एवं मनिषा पांडेय, भवन्स, सैनिकपुरी

2) कविता वाचन के विजेता निम्नानुसार रहे: -

- प्रथम पुरस्कार – शाजिल इमाम, आईआईएमसी, खैरताबाद
- द्वितीय पुरस्कार – अमरनाथ, अरोरा डिग्री कॉलेज, चिक्कडपल्ली
- तृतीय पुरस्कार – ताजुद्दीन बाबा, लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल

| | |
|---|---|
|  |  |
| कविता वाचन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र | लोकोक्तियों की हेरा फेरी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र |

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# आज की युवा पीढ़ी की चुनौतियाँ एवं सामाजिक चेतना की आवश्यकता विषय पर कार्यशाला आयोजित

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Workshop on Aaj ki Yuva Pidhi ki Chunautiyan Evam Samajik Chetana ki Avashyakta |
| Date | : | 27/01/2020 |
| Place | : | Montfort Hall |
| Number of students participated | : | 91 |
| Judge | : | Dr Kaushalya |

दि. 27 जनवरी 2020 को कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा डिग्री के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए "आज की युवा पीढ़ी की चुनौतियाँ एवं सामाजिक चेतना की आवश्यकता" विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। हिंदी शिक्षण योजना एवं केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, सिंकदराबाद के पूर्व सहायक निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी डॉ कौशल्या कार्यशाला के मुख्य वक्ता रहीं।

डॉ कौशल्या अपने व्याख्यान में छात्रों को बताया कि किस तरह हम एक दूसरे से कटते जा रहे हैं। तकनीकी के साथ अधिक समय बिताने के कारण हम मनुष्यता से दूर होते जा रहे हैं। हम केवल पैसा कमाने वाली मशीन बनते जा रहे हैं। हमें इस धरती पर मनुष्य बनकर एक साथ  है। अवसर पर उपस्थित कॉलेज प्रधानाचार्य ब्रदर विन्सेंट रेड्डी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज में अपना स्थान बनाने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हमें उन चुनौतियों के समाधान खोजने हैं। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती बी.शीला ने किया और संचालन बी.कॉम जनरल की छात्रा रितिका ने किया।

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

| | |
|---|---|
|  |  |
| प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देते हुए प्रधानाचार्य ब्रदर विंसेन्ट रेड्डी तथा डॉ. कौशल्या | प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अतिथि वक्ता डॉ. कौशल्या |

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# रामकृष्ण मठ, हैदराबाद की सैर

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Field Trip to Ramakrishna Math |
| Date | : | 18/02/2020 |
| Place | : | Ramakrishna Math, Hyderabad |
| Number of students participated | : | 32 |

डिग्री प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में "स्वामी विवेकानंद" पाठ है। दि. 18 फरवरी 2020 को स्वामी विवेकानंद के योगदान के संबंध में छात्रों को पाठ से इतर जानकारी देने के उद्देश्य से हैदराबाद में लोअर टैंक बंड रोड, इंदिरा पार्क के सामने स्थित रामकृष्ण मठ की सैर पर ले जाया गया। रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण आदेश का प्रशासनिक कानूनी संगठन है। इसे हिंदू सुधार आंदोलनों का हिस्सा माना जाता है। रामकृष्ण मठ के साथ ही स्थापित संगठन रामकृष्ण मिशन का मुख्यालय बेलूर मठ (पश्चिम बंगाल, भारत में) में है। दुनिया भर में रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के 214 केंद्र हैं।

रामकृष्ण मठ, हैदराबाद के अध्यक्ष स्वामी ज्ञानदानंद जी महाराज ने छात्रों को बताया कि मठ का उदेश्य मानवीय उत्कृष्टता प्राप्त कराना है, स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराना है। उन्होंने मनुष्य के लिए शिक्षा की आवश्यकता के संबंध में बताते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण करना, मन को दृढ़ करना और बुद्धि का विस्तार कर अपने पैरों पर खड़े होने की क्षमता का विकास करना है। अंत में उन्होने कहा कि इस मठ में छात्रों को अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की ओर आकर्षित किया जाता है।

| | |
|---|---|
|   |  |
| स्वामी ज्ञानदानंद जी महाराज और छात्र का समूह चित्र | व्याख्यान सुनते हुए छात्र |

## ढोला री धानी हैदराबाद की सैर

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Field Trip to Dhola Re Dhani |
| Date | : | 29/02/2020 |
| Place | : | Dhola Re Dhani, Hyderabad |
| Number of students participated | : | 27 |

दि. 29 फरवरी 2020 को कॉलेज के डिग्री के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों को कोमपल्ली, हैदराबाद में स्थित ढोला-री-धानी पर्यटन स्थल पर सैर पर ले जाया गया। हिंदी के पाठ्यक्रम में हिंदी साहित्य के इतिहास में मलिक मुहमद जायसी द्वारा पद्मावत और मीरा बाई के पद पाठ है। ये पाठ पढ़ाते समय राजस्थान की चर्चा भी आती है। राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखाने के उद्देश्य से इस सैर का आयोजन किया गया था।

ढोला-री-धानी एक सुंदर और राजस्थानी शैली का पर्यटक स्थल है। ठेठ राजस्थानी गांव जैसा दिखने वाला यह स्थल पर्यटकों को हैदराबाद शहर के भीतर राजस्थानी संस्कृति की पूरी जानकारी देता है। ढोला-री-धानी तेलंगाना के सबसे लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक है। इसकी विशेषता यह है कि आप हैदराबाद में रहते हुए भी यहाँ राजस्थान की यात्रा का अनुभव उठा सकते हैं। राजस्थानी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं। ढोला-री-धानी न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करता है। यहाँ 2000 से अधिक लालटेन जलाए जाते हैं, जिससे गांव की तरह का माहौल बनता है।

यहां कई गतिविधियां और उत्सव आयोजित किए जाते हैं। यहाँ आप ऊंट की सवारी, राजस्थानी लोक नृत्य और कठपुतली शो का आनंद उठा सकते हैं। यहाँ के रेस्तराँ में मनोरम राजस्थानी व्यंजन परोसे जाते हैं। आप 'घूमर झूमर' पर भी जा सकते हैं, जो एक खुली हवा का अखाड़ा है, जिसमें लगभग 500 लोग बैठ सकते हैं। यहां, पर्यटकों के मनोरंजन के लिए लोक नृत्य और पारंपरिक राजस्थानी लोक गीत गाए जाते हैं। ढोला-री-धानी में, राजस्थानी कलाकृतियाँ और सामान बेचने वाली हस्तशिल्प की बहुत सारी दुकानें हैं।





ढोला रे धानी में छात्र और अध्यापक आनंद लेते हुए

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# भारतीय संस्कृति एक रक्षा कवच पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | International Webinar on Bharatiya Sanskriti Ek Raksha Kavach |
| Date | : | 22/05/2020 |
| Place | : | Zoom |
| Number of participants | : | 236 |
| Judge | : | Dr Ramprasad Bhatt and Dr SVSS Narayana Raju |


दि. 22 मई 2020 को कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा "भारतीय संस्कृति एक रक्षा कवच" पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में डॉ. रामप्रसाद भट्ट, रीडर एवं वरिष्ठ अनुसंधान एसोसिएट, हिंदी व दक्षिण एशिया अध्ययन, हमबर्ग विश्वविद्यालय, एशिया-आफ्रिका संस्था, भारत और तिबब्त संस्कृति एवं इतिहास विभाग, हमबर्ग जर्मनी और प्रो. एस वी एस of participants नारायण राजू, डीन, समाज शास्त्र और मानवीकी स्कूल, हिंदी विभाग अध्यक्ष, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, भारत ने क्रमशः भारतीय संस्कृति एक रक्षा कवच तथा भारतीय संस्कृति और मूल्य (हिंदी और तेलुगु काव्य के संदर्भ में) विषयों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

डॉ. रामप्रसाद भट्ट ने अपने व्याख्यान में विभिन्न तत्वों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की महानता को रेखांकित किया। उन्होंने भारत और जर्मनी की तुलना करके परिवार व्यवस्था को विश्लेषित करते हुए बताया कि भारत में पारिवारिक संबंध कवच के समान भारतवासियों की रक्षा करते हैं। उन्होंने मनुष्य जाति के लिए व्यक्तिवाद के खतरे की ओर इशारा किया।

भारतीय संस्कृति को उन्होंने विश्व गुरू बताते हुए कहा कि विश्व ने भारत से बहुत कुछ सीखा है और आगे भी सीखता रहेगा। यह प्रतिपादित करने का सफल प्रयास किया कि भारतीय संस्कृति के अनुसरण से कोविड 19 जैसी महामारी से रक्षा हो सकती है।

प्रो. राजू ने अपने व्याख्यान में हिंदी व तेलुगु काव्य के प्रतिष्ठित हस्ताक्षरों की कविताओं में प्रयुक्त भारतीय संस्कृति के विभिन्न तत्वों को उद्घाटित किया। हिंदी और तेलुगु काव्य में कवियों द्वारा अंकित मानवीय संवेदनाओं के साथ मानवीय मूल्यों को रेखांकित किया। दर्शाया कि भारतीय संस्कृति के तत्वों के प्रयोग से काव्य संप्रेषण में सौंदर्य उत्पन्न हुआ है।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रदर विन्सेंट रेड्डी और उप प्रधानाचार्य श्रीमती जयंती रेड्डी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। वेबिनार में देश के विभिन्न प्रांतों के प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं छात्रों ने भाग लिया। वेबिनार का संयोजन एवं संचाल कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती बी.शीला ने किया। श्रीमती गायत्री, संस्कृत विभागाध्यक्ष तथा श्री रश्मि, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष के सक्रिय सहयोग से वेबिनार सफता पूर्वक संपन्न हुआ।




अतिथि वक्ता द्वारा पीपीटी की प्रस्तुति और प्रतिभागी

| | |
|---|---|
|  |  |

अतिथि वक्ता डॉ. रामप्रसाद भट्ट और प्रो. एस वी एस सौंदर्य उत्पन्न नारायण राजू प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए